# OM SHANTI SHIKSHA SADAN SR. SEC. SCHOOL

## NATHUPUR, SONIPAT (HR)

## CLASS: IV

**Academic Session: 2025-26**



स्कूल का पहला दिन, मम्मी पापा के बिन,
आज मुझे बिताना है, खुश रहकर दिखाना है।

क्लास में टीचर आएंगे, हम सबको खूब पढ़ाएंगे,
हम पढ़कर दिखाएंगे, नये-नये दोस्त बनाएंगे।

मम्मी ने जो लंच दिया है, उसको पूरा खाएंगे,
पानी पीकर फिर, खेलने जाएंगे।

स्कूल की छुट्टी जब होगी, मम्मी के संग घर जाऊँगा,
होम वर्क पूरा करके, फिर सो जाऊँगा।

पढ़-लिखकर बनूंगा महान, मम्मी-पापा का बढ़ेगा सम्मान,
जीवन में करूँगा अच्छे काम, जिससे बढ़ेगा मेरे देश का शान।

Kindly Note: Holidays shall begin from 1st June (Sunday) School shall reopen after summer vacation on 1st July, 2025(Tuesday).

Dear students, Happy summer vacation. Enjoy the vacation but don't forget to do your homework.

प्रिय छात्रों, गर्मी की छुट्टियों की शुभकामनाएं। छुट्टियों का आनंद लें लेकिन अपना होमवर्क करना न भूलें।

## स्वर्णिम शिष्टाचार :-

- बातचीत के दौरान हमेशा सुनहरे शब्दों का प्रयोग करें: अर्थात क्षमा करें, कृपा और धन्यवाद ।
- विकलांग और जरूरतमंद लोगों की मदद करें और उनके प्रति दयालु रहे ।
- अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों की आज्ञा माने और उनका सम्मान करें ।
- माता-पिता और आंगतूको के साथ शुद्ध हिंदी और अंग्रेजी में विनम्रता से संवाद करें ।
- जाने अनजाने में किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं ।
- हमेशा सामाजिक, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का पालन करें ।
- अपने दादा-दादी के साथ कुछ पल बिताए और उनकी देखभाल करें ।

## स्वास्थ्य एवं स्वच्छता:-

- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए (नहाना, ब्रश करना, स्वच्छ कपड़े पहनना आदि)।
- अपने आसपास साफ-सफाई रखें।
- फल, सब्जियों के छिलके और कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालें ।
- भोजन से पहले और बाद में अपने हाथ धोएं।
- बासी-तौलिया और फास्ट फूड से परहेज करें।
- गर्मियों में अधिक से अधिक पानी पिए और सर्दियों में गुनगुना पानी का सेवन करें ।
- खाने/खाना पकाने से पहले फलों और सब्जियों को पानी से साफ कर लेना ।
- समाज को जागरूक करें कि कैसे आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।
- रोजाना योग और ध्यान करें और सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाएं ।

## सामाजिक/ पर्यावरण संरक्षण:-

- पानी को प्रदूषित और बर्बाद न करें, यह अनमोल है ।
- अधिक से अधिक पौधे लगाए, पर्यावरण की रक्षा करें और पौधों की देखभाल करें ।
- गर्मी के मौसम में पक्षियों और जानवरों के लिए पानी और दान उपलब्ध कराए ।
- महिलाओं का सम्मान करें और बेटियों को शिक्षित करें ।
- लोगों को अंधविश्वास, कुपोषण, अशिक्षा और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करें ।
- परिवार और समाज के लिए अनुकरणीय नेक कार्य करें ।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण/ अपशिष्ट प्रबंधन/ निर्माण:-

- बेकार कागज, कांच और प्लास्टिक बोतल आदि से उपयोगी वस्तुएं बनाएं
- नवाचार दिखाने और कला शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कार्यशील मॉडल और प्रोजेक्ट बनाएं ।
- भारत के विभिन्न राज्यों के सामाजिक मुद्दों । जीवन शैली पर संपादकीय लिखे ।
- नैतिक कहानियां, अद्भुत तथ्य और महान हस्तियों की आत्मकथाएं पढ़े ।
- रोजाना अखबार पढ़े और समाचार सुनें ।
- करंट अफेयर्स पर कम से कम 100 प्रश्न तैयार करें
- अपने हॉबी क्लब से संबंधित कोई रचनात्मक कार्य भी करें ।
  (जैसे : - गायन कला, नृत्य कला, पाक कला, नवाचार आदि )

**प्राचार्य**